# अध्याय - 3 | अपवाह तंत्र

## QUIZ-01

1. किस नदी को 'दक्षिण गंगा' कहा जाता है?
   A. कृष्णा B. गोदावरी
   C. कावेरी D. महानदी (B)

*व्याख्या:* गोदावरी भारत की सबसे लंबी प्रायद्वीपीय नदी है और इसे 'दक्षिण गंगा' कहा जाता है।

2. कौन-सी नदी विंध्य और सतपुड़ा के बीच रिफ्ट घाटी में बहती है?
   A. कृष्णा B. यमुना
   C. नर्मदा D. सोन (C)

*व्याख्या:* नर्मदा नदी विंध्य और सतपुड़ा पर्वतमालाओं के बीच रिफ्ट घाटी में बहती है।

3. भागीरथी और अलकनंदा के संगम से कौन-सी नदी बनती है?
   A. यमुना B. गंगा
   C. गंडक D. महानंदा (B)

*व्याख्या:* देवप्रयाग में भागीरथी और अलकनंदा मिलकर गंगा बनाती हैं।

4. गंगा की एक बाएँ किनारे की सहायक नदी कौन-सी है?
   A. सोन B. यमुना
   C. घाघरा D. चंबल (C)

*व्याख्या:* घाघरा नदी गंगा की बाएँ किनारे की प्रमुख सहायक नदी है।

5. कौन-सा अपवाह प्रारूप पेड़ की शाखाओं के समान दिखता है?
   A. ट्रेलिस B. रेडियल
   C. डेंड्रिटिक D. सेंट्रिपेटल (C)

*व्याख्या:* डेंड्रिटिक प्रारुप पेड़ की शाखाओं के जैसा होता है, जो उत्तरी मैदानों में पाया जाता है।

6. ब्रह्मपुत्र नदी किस हिमनद से निकलती है?
   A. गंगोत्री B. सातोपंथ
   C. चेमायुंगदुंग D. यमुनोत्री (C)

*व्याख्या:* ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत में मानसरोवर झील के पास स्थित चेमायुंगदुंग हिमनद से निकलती है।

7. किस नदी को ऐतिहासिक रुप से 'बंगाल का शोक' कहा जाता है?
   A. कोसी B. दामोदर
   C. गंडक D. घाघरा (B)

*व्याख्या:* दामोदर नदी को 'बंगाल का शोक' कहा जाता था क्योंकि यह बाढ़ लाकर भारी विनाश करती थी।

8. भारत में हिमालयी नदियों में सबसे पश्चिमी नदी कौन-सी है?
   A. गंगा B. यमुना
   C. सिंधु D. ब्रह्मपुत्र (C)

*व्याख्या:* सिंधु नदी भारत की सबसे पश्चिमी हिमालयी नदी है।

9. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी पश्चिम दिशा में बहती है?
   A. महानदी B. तापी
   C. कावेरी D. गोदावरी (B)

*व्याख्या:* तापी नदी पश्चिम की ओर बहती है और अरब सागर में गिरती है।

10. ब्रह्मपुत्र नदी में बार-बार बाढ़ आने का मुख्य कारण क्या है?
    A. संकीर्ण नदी चैनल B. हिम पिघलना
    C. कम वर्षा
    D. सहायक नदियों से भारी सिल्ट का आना (D)

*व्याख्या:* भारी वर्षा के कारण इसकी सहायक नदियाँ बड़ी मात्रा में सिल्ट लाती हैं जिससे बाढ़ आती है।

DESH KA APNA SCHOOL